**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 30.11.2023 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 22वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर<br>कुलपति एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति एच0बी0टी0यू0,कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री यशवन्त सिंह<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सुधीर कुमार शर्मा<br>कुलसचिव,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | श्री दिनेश कुमार<br>वित्त नियंत्रक,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 5. | श्रीमती शालिनी सिंह<br>वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 6. | प्रो0 छगन लाल, प्रभारी केन्द्रीय भण्डार एवं क्रय,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आंमत्री |
| 7. | डा0 विकास यादव,<br>शारीरिक प्रशिक्षक,एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आंमत्री |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री एम0 देवराज,<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ। | सदस्य |

मा0 कुलपति द्वारा वित्त समिति के समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये अवगत कराया गया कि वर्तमान एवं विगत बैठक के मध्य विश्वविद्यालय द्वारा 14 शिक्षकों एवं 05 अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान की गई है तथा सभी नव नियुक्त शिक्षकों/अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह दिनांक 29 सितम्बर, 2023 को सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता मा0 राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया द्वारा की गई तथा प्रो0 के0के0 पन्त, निदेशक, आई0आई0टी0 रूडकी दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि थे। विश्वविद्यालय द्वारा पंचम दीक्षान्त समारोह में छात्रों को 47 मेडल एवं 715 उपाधियॉ वितरित की गई। शैक्षिक गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर बनाये रखने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सभी विधाओं का एकेडमिक आडिट कराया जा चुका है। अवशेष एवं अर्ह 03 विधाओं (सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं केमिकल इंजी0) का नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन, नई दिल्ली से शीघ्र एक्रीडिटेशन कराया जाना प्रक्रियाधीन है। विश्वविद्यालय एल्युमिनी से डायरेक्ट कनेक्ट हेतु एल्युमिनी सेल का गठन किया जा चुका है, आशा है कि एल्युमिनी द्वारा मातृ संस्था के उत्थान में सहयोग प्रदान किया जायेगा।

**22.01. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 26/07/2023 को मध्यान्ह 04:00 बजे सम्पन्न 21वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 26/07/2023 को मध्यान्ह 04:00 बजे सम्पन्न 21वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य से कोई टिप्पणी/टीकाएं प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

22.02 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 30/11/2023 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 22वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने कृत कार्यवाहियों को संज्ञान में लिया तथा कृत कार्यवाही के अधीन निम्नवत् निर्देश प्रदान कियेः–

1. वित्त समिति के एजेण्डा मद संख्याः19.05 के क्रम में अतिथि गृह में ठहरने हेतु पंजीकरण आदि की कार्यवाही आन–लाइन का प्राविधान ई0आर0पी0 माड्यूल द्वारा किये जाने का कार्य तत्काल पूर्ण किये जाने हेतु सिस्टम मैनेजर को सूचित करने हेतु निर्देश दिये गये।

21.03 **वित्तीय वर्ष 2022–23 में वास्तविक व्यय एवं वित्तीय वर्ष 2023–2024 हेतु अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष दिनांक 15/07/2023 तक व्यय विवरण संज्ञानार्थ ।**

| कम सं0 (क) | मद | वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2022–23 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित बजट के सापेक्ष 15.07.23 तक व्यय | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन भत्ते | | | | | वित्त समिति की 21वीं बैठक के मद सं0 21.04 के अधीनं लिए गए निर्णय के कम में बजट मद क0सं0 10 में प्राविधान धनराशि रू0 500.00 लाख में से धनराशि रू0 100.00 लाख को बजट मद क0सं0 29 में हस्तान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। |
| | (अ) शिक्षक | | | | | |
| | (क) वेतन | 2000.00 | 1583.92 | 1800.00 | 562.46 | |
| | (ख) महगाई भत्ता | 760.00 | 473.42 | 850.00 | 193.58 | |
| | (ग) अन्य भत्ते | 100.00 | 62.37 | 100.00 | 25.32 | |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | 277.00 | 0.00 | 138.00 | 0.00 | |
| | (ड)कैस प्रोन्नति + अन्य एरियर | 0.00 | 618.29 | 100.00 | 4.49 | |
| | **योग** | **3,137.00** | **2738.00** | **2988.00** | **785.85** | |
| | (ब) प्रशासन | | | | | |
| | (क) वेतन | 170.00 | 141.45 | 180.00 | 37.36 | |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 65.00 | 46.72 | 85.00 | 13.97 | |
| | (ग) अन्य भत्ते | 30.00 | 4.58 | 10.00 | 0.54 | |
| | (घ) एरियर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| | (ड)चयन प्रोन्नति + अन्य एरियर | 0.00 | 27.23 | 25.00 | 0.00 | |
| | **योग** | **265.00** | **219.98** | **300.00** | **51.87** | |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी | | | | | |
| | (क) वेतन | 800.00 | 559.94 | 750.00 | 187.94 | |
| | (ख) महगाई भत्ता | 300.00 | 205.87 | 370.00 | 75.41 | |
| | (ग) अन्य भत्ते | 80.00 | 49.21 | 80.00 | 9.22 | |
| | (घ) आउट सोर्सिंग | 400.00 | 224.98 | 400.00 | 76.87 | |
| | (ढ) एरियर | 0.00 | 7.00 | 75.00 | 0.28 | |
| | योग | 1580.00 | 1047.00 | 1675.00 | 349.72 | |
| | (द) एन0पी0एस0 (अ+ब+स) | 0.00 | 130.16 | 200.00 | 48.66 | |
| | योग (अ+ब+स+द) | **4,982.00** | **4,135.14** | **5,163.00** | **1,236.10** | |
| (ख) | | | | | | |
| 2 | यात्रा व्यय | 15.00 | 3.34 | 15.00 | 1.00 | |
| 3 | कार्यालय व्यय | 15.00 | 14.79 | 20.00 | 9.22 | |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 7.00 | 2.57 | 7.00 | 0.49 | |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 20.00 | 13.51 | 25.00 | 3.47 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 15.00 | 7.76 | 15.00 | 4.13 |
| 7 | विज्ञापन | 50.00 | 19.31 | 50.00 | 0.00 |
| 8 | छात्रवृत्ति / फेलोशिप | 100.00 | 38.62 | 100.00 | 15.04 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर / जल प्रभार आदि | 150.00 | 127.19 | 175.00 | 60.00 |
| 10 | भवनों / सड़कों / अतिथि गृह / 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 400.00 | 357.26 | 400.00 | 56.12 |
| 11 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी कियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि हेतु | 319.00 | 141.30 | 379.00 | 46.65 |
| 12 | विद्युत व्यय | 350.00 | 226.55 | 350.00 | 64.41 |
| 13 | औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 30.00 | 0.40 | 30.00 | 0.05 |
| 14 | शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 0.00 | 10.00 | 0.00 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 450.00 | 337.22 | 350.00 | 52.20 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 40.00 | 20.77 | 45.00 | 6.03 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 25.00 | 0.00 | 30.00 | 0.00 |
| 18 | विवेकाधीन कोष–माननीय कुलपति महोदय | 10.00 | 0.00 | 10.00 | 0.50 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 15.00 | 5.77 | 15.00 | 4.36 |
| 20 | वाहन का कय | 30.00 | 0.00 | 30.00 | 0.00 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 50.00 | 20.00 | 50.00 | 0.00 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 10.00 | 0.57 | 10.00 | 0.00 |
| 23 | शताब्दी वर्ष को यादगार बनाये जाने के आयोजन, इवेन्ट तथा अस्थायी एवं स्थाई निर्माण आदि में व्यय हेतु | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 24 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 250.00 | 236.42 | 300.00 | 116.12 |
| 25 | विश्वविद्यालय छात्र कियाकलाप के व्यय हेतु | 60.00 | 25.66 | 60.00 | 15.44 |
| 26 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 30.00 | 0.24 | 30.00 | 0.46 |
| 27 | इन्टरनेट शुल्क | 100.00 | 1.05 | 100.00 | 0.58 |
| 28 | पुस्तकालय व्यय | 50.00 | 18.09 | 75.00 | 5.16 |
| 29 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण / अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन / फर्नीचर एवं भवन एवं सड़क निर्माण एवं विस्तार तथा शताब्दी वर्ष से संबंधित कार्यो हेतु व्यय | 500.00 | 163.04 | 600.00 | 245.13 |
| 30 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | 35.00 | 30.02 | 40.00 | 35.00 |
| 31 | दीक्षान्त समारोह व्यय | 35.00 | 28.58 | 40.00 | 1.77 |
| | **योग** | **3171.00** | **1840.03** | **3361.00** | **743.33** |
| | **महायोग (क+ख)** | **8,153.00** | **5975.17** | **8,524.00** | **2,235.98** |
| | विश्वविद्यालय फीस + अन्य अनुमानित आय | **4956.74** | **4028.75** | **4569.25** | **4569.25** |
| | शासन से अनुदानित धनराशि | **2810.94** | **2793.02** | **3921.53** | **3009.45** |
| | बचत | **-385.32** | **846.60** | **-33.22** | |

समिति उक्त मद सं0 10 एवं मद सं0 29 पर पुनर्वियोजन बजट एवं व्यय से संज्ञानित हुई।

22.03 वित्तीय वर्ष 2023–24 के व्यय हेतु अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष दिनांक 15.11.2023 तक का व्यय का विवरण संज्ञानार्थ।

समिति ने चालू वित्तीय वर्ष हेतु अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष दिनांक 15.11.2023 तक हुए व्यय का अवलोकन किया :–

| कम सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित/ पुनर्विनियोजन बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित बजट के सापेक्ष 15.11.23 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|
| (क) | | | | |
| 1 | वेतन भत्ते | | | |
| | **(अ) शिक्षक** | | | |
| | (क) वेतन | 1800.00 | 1800.00 | 1111.27 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 850.00 | 850.00 | 393.41 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 100.00 | 100.00 | 49.77 |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | 138.00 | 138.00 | 0.00 |
| | (ड)कैस प्रोन्नति + अन्य एरियर | 100.00 | 100.00 | 4.49 |
| | **योग** | **2988.00** | **2988.00** | **1558.94** |
| | **(ब) प्रशासन** | | | |
| | (क) वेतन | 180.00 | 180.00 | 74.98 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 85.00 | 85.00 | 28.48 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 10.00 | 10.00 | 0.94 |
| | (घ) एरियर | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | (ड)चयन प्रोन्नति + अन्य एरियर | 25.00 | 25.00 | 0.00 |
| | **योग** | **300.00** | **300.00** | **104.40** |
| | **(स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी** | | | |
| | (क) वेतन | 750.00 | 750.00 | 396.04 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 370.00 | 370.00 | 155.13 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 80.00 | 80.00 | 40.04 |
| | (घ) आउट सोर्सिंग | 400.00 | 400.00 | 205.22 |
| | (ढ) एरियर | 75.00 | 75.00 | 0.28 |
| | **योग** | **1675.00** | **1675.00** | **796.71** |
| | **(द) एन0पी0एस0 (अ+ब+स)** | 200.00 | 200.00 | 194.32 |
| | योग (अ+ब+स+द) | **5,163.00** | **5,163.00** | **2,654.37** |

| क्रम सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित/ पुनर्वियोजन बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित बजट के सापेक्ष 15.11.23 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 2 | यात्रा व्यय | 15.00 | 15.00 | 3.53 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 20.00 | 20.00 | 13.52 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 7.00 | 7.00 | 1.29 |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 25.00 | 25.00 | 7.29 |
| 6 | व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 15.00 | 15.00 | 11.09 |
| 7 | विज्ञापन | 50.00 | 50.00 | 20.25 |
| 8 | छात्रवृत्ति/फेलोशिप | 100.00 | 100.00 | 46.26 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर/जल प्रभार आदि | 175.00 | 175.00 | 127.65 |
| 10 | भवनों/सड़कों/अतिथि गृह/33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 500.00 | 400.00 | 123.67 |
| 11 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी क्रियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि हेतु | 379.00 | 379.00 | 114.01 |
| 12 | विद्युत व्यय | 350.00 | 350.00 | 162.93 |
| 13 | औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 30.00 | 30.00 | 0.25 |
| 14 | शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 10.00 | 0.00 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 350.00 | 350.00 | 140.48 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 45.00 | 45.00 | 34.47 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 30.00 | 30.00 | 0.00 |
| 18 | विवेकाधीन कोष–माननीय कुलपति महोदय | 10.00 | 10.00 | 0.50 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 15.00 | 15.00 | 11.30 |
| 20 | वाहन का क्रय | 30.00 | 30.00 | 0.00 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 50.00 | 50.00 | 35.00 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 10.00 | 10.00 | 2.35 |
| 23 | शताब्दी वर्ष को यादगार बनाये जाने के आयोजन, इवेन्ट तथा अस्थायी एवं स्थाई निर्माण आदि में व्यय हेतु | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 24 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 300.00 | 300.00 | 246.64 |
| 25 | विश्वविद्यालय छात्र क्रियाकलाप के व्यय हेतु | 60.00 | 60.00 | 70.97 |
| 26 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 30.00 | 30.00 | 4.33 |
| 27 | इन्टरनेट शुल्क | 100.00 | 100.00 | 7.02 |
| 28 | पुस्तकालय व्यय | 75.00 | 75.00 | 19.33 |
| 29 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण/ अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन/ फर्नीचर एवं भवन एवं सड़क निर्माण एवं विस्तार तथा शताब्दी वर्ष से संबंधित कार्यो हेतु व्यय | 500.00 | 600.00 | 372.16 |
| 30 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | 40.00 | 40.00 | 35.56 |
| 31 | दीक्षान्त समारोह व्यय | 40.00 | 40.00 | 4.58 |
| | योग | **3361.00** | **3361.00** | **1616.43** |
| | **महायोग (क+ख)** | **8,524.00** | **8,524.00** | **4270.80** |

समिति ने आय के अधीन शैक्षिक सत्र् 2023–24 में छात्रों की वास्तविक शुल्क आदि का विवरण तैयार किये जाने के निर्देश दिये।

**22.04: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर का वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु अनुमोदित आय–व्ययक में Reappropriation किये जाने हेतु पुनर्विनियोजन का प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय छात्र क्रियाकलाप परिषद मद में व्यय हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में अनुमोदित आय–व्ययक रू0 60.00 लाख के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष में अध्याय–2021, Technica-2022 तथा कालेज मैग्जीन को मुद्रण/क्रय आदि पर धनराशि रू0 10.97 लाख के व्याधिक्य पर कार्येत्तर अनुमोदन करते हुए वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु अनुमोदित आय–व्ययक में Reappropriation किये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत विश्वविद्यालय बजट मद क्रम सं0:13 के अन्तर्गत औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय हेतु प्राविधानित बजट रू0 30.00 लाख में से हुए व्यय को देखते हुए धनराशि रू0 25.00 लाख को विश्वविद्यालय छात्र क्रियाकलाप परिषद के मद क्रम सं0: 25 (रू0 60.00 लाख) में हस्तान्तरित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**22.05. विश्वविद्यालय भवन निर्माण समिति की दिनांक 18.11.2023 को सम्पन्न 14वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने दिनांक 18–11–2023 को विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की 14वीं बैठक में लिए गये निर्णयों से सम्बन्धित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया। समिति द्वारा विश्वविद्यालय भवन निर्माण समिति के 14वीं बैठक एजेण्डा मद 14.03 (5.1) के अधीन विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रागंण में 04 नग बैडमिन्टन कोर्ट वाला इन्डोर स्पोर्ट हाल के निर्माण कार्य हेतु एल्यूमिनाई से वित्तीय सहायता लिए जाने हेतु भी निर्देश दिये गये।

**22.06: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के Women Study Centre के समन्यवक द्वारा धनराशि रू0 5,000/–का स्थायी अग्रिम व्यय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय के Women Study Centre के लिए धनराशि रू0 5,000/–(रू0 पाँच हजार मात्र) स्थाई अग्रिम व्यय करने संबंधी प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया।

**22:07: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल आउटसोर्स कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक दरों में वृद्धि किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय में सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल आउटसोर्स कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक दरों में वृद्धि किये जाने एवं अन्य सुविधाए अनुमन्य संबंधी प्रस्ताव पर विस्तृत विचार–विमर्श/सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया गया:–

1. समिति ने पारिश्रमिक के भुगतान हेतु देश के विभिन्न राज्यों एवं उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में 03 (तीन) श्रेणियों में हो रहे भुगतान को संज्ञान में लेते हुए निम्नवत् श्रेणी के अधीन सेवा प्रदाता के माध्यम से भुगतान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया:–

| Sl. No. | Category | Daily wages | Total working days | Monthly Wages | EPF Employer Share @13% | ESI Employer Share @3.25% | Total Duty Salary | EPF Employee Share @12% | ESI Employee Share @0.75% | Cash in Hand |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Unskilled | 496.27 | 26 | 12903.02 | 1677.39 | 419.35 | **14999.76** | 1548.36 | 96.77 | **11257.88** |
| 2 | Semi-Skilled | 670.50 | 26 | 17433.00 | 00 | 566.57 | **17999.57** | 00 | 130.75 | **17302.25** |
| 3 | Skilled | 745.00 | 26 | 19370.00 | 00 | 629.52 | **19999.53** | 00 | 145.28 | **19224.73** |

2. विश्वविद्यालय में आउटसोर्स वाहन चालकों को विश्वविद्यालय के कार्य से स्टेशन बाहर यात्रा हेतु प्रतिदिन का मानदेय रू0 400/-(रू0 चार सौ मात्र) अनुमन्य होगा।

3. शासनादेश संख्या:31/2020/279/18-2-2020-97(ल0उ0)/2016 टी0सी0 दिनांक 25 अगस्त, 2020 के बिन्दु सं0 3 के उप बिन्दु 6 के अर्न्तगत आउटसोर्सिंग कर्मियों को निम्न् प्रतिबन्धों के अधीन अवकाश अनुमन्य होगा:-

(1) साप्ताहिक अवकाश यथा रविवार एवं द्वितीय शनिवार सहित राजकीय अवकाश की अनुमन्यता। कार्य की आवश्यकता के आधार पर अवकाश की अवधि में कार्य करना। अवकाश के दिन कार्य के निमित्त कार्यालय बुलाये जाने पर उपस्थित न होने की दशा में अनुशासनात्मक/दण्डात्मक कार्यवाही किया जाना।

(2) मातृत्व अवकाश सक्षम स्तर से स्वीकृत के उपरान्त अधिकतम 01 माह ही सवेतन (02 बच्चों तक सीमित) देय होगा।

(3) **आउटसोर्सिंग कर्मियों को 14 दिनों का आकस्मिक अवकाश निम्नवत् प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान किया जाना:**

(i) विभाग/अनुभाग प्रभारी द्वारा आकस्मिक अवकाश पंजिका रखा जाना।

(ii) प्रभारी आउटसोर्सिंग द्वारा स्वीकृत अवकाश प्रार्थना पत्र हेतु पृथक पत्रावली संरक्षित किया जाना।

(iii) ड्यूटी के सापेक्ष आनुपातिक आधार पर अवकाश स्वीकृत किये जाने के अधीन 04 माह की ड्यूटी के एवज में 05 दिवस का आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाना। विशेष परिस्थितियों में प्रभारी आउटसोर्सिंग के स्तर पर इन नियमों को शिथिल किया जा सकेगा।

(iv) कोई भी कर्मी अवकाश की मांग अधिकार स्वरूप नहीं कर सकेगा जैसा कि वित्तीय नियमों में परिभाषित है।

**22.08. विश्वविद्यालय कानपुर में उद्यान अनुभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13एवं 2013-14 में कराये गये अनुरक्षण संबंधित कार्यों के भुगतान से संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने प्रस्ताव पर पुर्नविचार करते हुए पूर्ववर्ती संस्थान के कार्य आदेश सं0432/एसपीएस/2013 दिनांक 30.03.2013 के अधीन मेसर्स हरीतिमा सम्बर्धन कानपुर की निविदा में न्यूनतम कोटेड दरों के आधार पर किए गए कार्यो से संबंधी प्रस्तुत किए गए बिलों के दृष्टिगत धनराशि रू0 5,05,850/-(रू0 पाँच लाख पाँच हजार आठ सौ पचास मात्र) का अन्तिम भुगतान तथा भविष्य में कोई माँग स्वीकार नहीं की जायेगी, पर सम्यक अनुमोदन प्रदान किया।

**22.09: पं0दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम एवं अन्य संगठनों यथा-डी0एस0 टी0 एवं यू0पी0सी0एस0टी0 द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अधीन व्यय विवरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय के शोध कार्य हेतु डी0एस0टी0, यू0पी0सी0एस0टी0 एवं अन्य सगंठनों द्वारा स्वीकृत की गयी परियोजना के लिए अनुमन्य धनराशियों का व्यय विवरण का अवलोकन करते हुए परियोजना-वार संकलित प्रारूप पर विवरण आदि तैयार कराकर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।

**22:10 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में मा0 कुलपति कार्यालय हेतु स्थाई अग्रिम एवं स्वल्पाहार के लिए अनुमोदित धनराशि में अभिवृद्धित करने एवं एकीकृत किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने प्रस्ताव पर सम्यक विचार करते हुए मा0 कुलपति कार्यालय हेतु स्थाई अग्रिम यथा स्टेशनरी आदि व आगन्तुक स्वल्पाहार मद को एकीकृत करते हुए धनराशि रू0 25,000/–(रू0 पच्चीस हजार मात्र) का अनुमोदन प्रदान किया।

**22:11 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

**22.11.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 28.11.2023 को सम्पन्न 20वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने दिनांक 28–11–2023 को विश्वविद्यालय की केन्द्रीय क्रय समिति की 20वीं बैठक में लिए गये निर्णयों से सम्बन्धित कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया।

**22.11.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के शताब्दी भवन के रख–रखाव हेतु धनराशि रू0 10,000/–का स्थायी अग्रिम व्यय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विश्वविद्यालय के शताब्दी भवन के रख–रखाब हेतु धनराशि रू0 10,000/–(रू0 दस हजार मात्र) स्थाई अग्रिम व्यय करने संबंधी प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया।

**22.11.03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के केमिकल इन्जीनियरिंग विभाग में स्थित निष्प्रयोज्य/अनुपयोगी उपकरणों, सामग्री एवं फर्नीचर इत्यादि का निस्तारण नीलामी प्रकिया संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने प्रस्ताव पर विचार करते हुए विश्वविद्यालय के पैनल में अंगीकृत सनदी लेखाकार (चाटर्ड एकाउन्टेन्ट) से डिप्रीसिएटेड वैल्यू का आगणन कराकर अग्रिम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

**22.11.04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के रसायन विभाग में स्थित निष्प्रयोज्य/अनुपयोगी उपकरणों, सामग्री एवं फर्नीचर इत्यादि का निस्तारण नीलामी प्रकिया संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने प्रस्ताव पर विचार करते हुए विश्वविद्यालय के पैनल में अंगीकृत सनदी लेखाकार (चाटर्ड एकाउन्टेन्ट) से डिप्रीसिएटेड वैल्यू का आगणन कराकर अग्रिम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

02/12/2023

(दिनेश कुमार)
वित्त नियंत्रक/सदस्य सचिव
एच0बी0टी0यू0 कानपुर